मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 8 अंक 256
शनिवार, 04 अप्रैल 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## एनडीए सरकार हर एक घुसपैठिए को जड़ से उखाड़ फेंकने के अपने प्रयासों को जारी रखेगी: अमित शाह

**असम, 03 अप्रैल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि उसकी सरकार ने असम को घुसपैठियों के हाथों में सौंप दिया है। कामपुर और पलाशबारी में जनसभाओं को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि घुसपैठिए गरीबों की जमीन हड़प रहे हैं, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान सहित वन क्षेत्रों पर अतिक्रमण कर रहे हैं और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसरों से वंचित कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले दस वर्षों में भाजपा सरकार ने असम भर में कथित अतिक्रमण से लगभग 1.5 लाख एकड़ जमीन मुक्त कराई है।

शाह ने मतदाताओं से भाजपा को फिर से चुनने का आग्रह करते हुए कहा कि नया जनादेश सरकार को पूरे असम को घुसपैठियों से मुक्त कराने में सक्षम बनाएगा। हिमंता बिस्वा सरमा का समर्थन करते हुए शाह ने मतदाताओं से उन्हें फिर से सत्ता में लाने की अपील की और वादा किया कि सरकार हर एक घुसपैठिए को जड़ से उखाड़ फेंकने के अपने प्रयासों को जारी रखेगी। अपने रुख को दोहराते हुए शाह ने कहा कि घुसपैठ गरीबों के अधिकारों को बुरी तरह प्रभावित कर रही है और राज्य के युवाओं के लिए अवसरों को सीमित कर रही है।

लपाड़ा जिले के दुधनोई में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति नहीं बनाया, लेकिन मोदी ने इसे बदल दिया और द्रौपदी मुर्मू भारत की राष्ट्रपति बनीं। उन्होंने कहा कि



केंद्र में प्रधानमंत्री हैं और यहां असम में मुख्यमंत्री हैं-दोनों के पास राज्य में आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप है। अगर लोग भाजपा को लगातार तीसरी बार जनादेश देते हैं, तो इसे (रोडमैप) आगे बढ़ाया जाएगा। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी आदिवासी कल्याण की बात नहीं की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस की सरकारों ने आदिवासियों के विकास पर केवल 25,000 करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में उनके लिए 1.38 लाख करोड़ रुपये दिए। गृह मंत्री ने ग्वालपाड़ा को मिनी असम करार दिया, क्योंकि वहां राभा, बोडो, हाजोंग और कोच सहित कई जनजातियों के लोगों के अलावा आदिवासी चाय बागान श्रमिक रहते हैं। उन्होंने दावा किया कि केवल भाजपा ही इन लोगों का विकास सुनिश्चित कर सकती है।

शाह ने कहा कि आदिवासी क्षेत्र समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के दायरे में नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों को डराने के लिए अफवाहें फैला रही है कि वे यूसीसी से प्रभावित होंगे, लेकिन यह बिल्कुल झूठ है और कोई भी आदिवासी इसके दायरे में नहीं आएगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ही वह व्यक्ति हैं, जिन्होंने आदिवासियों की कला, संस्कृति, भोजन, वस्त्र, संगीत और नृत्य को वैश्विक मंच पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हर आदिवासी परिवार को एक गाय और एक भैंस दी जाएगी। मैं सहकारिता मंत्री के रूप में इसे सुनिश्चित करूंगा।

## केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन ने रेवंत रेड्डी पर निशाना साधा

**केरल, 03 अप्रैल।** केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन ने शुक्रवार को रेवंत रेड्डी की केरल के खिलाफ हालिया अपमानजनक टिप्पणियों का करारा जवाब देते हुए उन्हें पूरी तरह निराधार बताया और सुझाव दिया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री को केरल को उपदेश देने के बजाय अपने राज्य में गरीबी और साक्षरता की कमी पर ध्यान देना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और फेसबुक पर विजयन ने कहा कि यह विडंबना है कि एक नेता जो गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाता है वह केरल की सामाजिक प्रगति पर सवाल उठा रहा है। विजयन ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री रेवंत रेड्डी की केरल के बारे में हालिया अपमानजनक टिप्पणियां पूरी तरह निराधार हैं। यह विडंबना है कि जो व्यक्ति अपने ही राज्य में गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाता है, वह केरल को सामाजिक प्रगति का उपदेश देने की कोशिश कर रहा है। वह हमारे सतत और समावेशी विकास मॉडल को नष्ट करने की कोशिश करने वालों का मुखपत्र बन गए हैं।



रेड्डी के भ्रष्टाचार और कुशासन के आरोपों का जवाब देते हुए, केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने दोनों राज्यों के बीच असमानता को उजागर करने के लिए नीति आयोग के आधिकारिक आंकड़ों का हवाला दिया।

केरल में 'भ्रष्टाचार और कुशासन' का आरोप लगाने से पहले, उन्हें आधिकारिक आंकड़ों की जांच करनी चाहिए। क्या उन्होंने यह नहीं देखा कि केरल भारत का सबसे कम भ्रष्ट राज्य है? नीति आयोग के सतत विकास सूचकांक (2023-24) में, केरल 79 अंकों के साथ पहले स्थान पर है, जबकि तेलंगाना छठे स्थान पर है। अपने राज्य की कमियों को छिपाने के लिए केरल का उपहास करना बेहद निंदनीय है, विजयन ने कहा। नीति आयोग के अनुसार, केरल की गरीबी दर मात्र 0.55% है, जो भारत में सबसे कम है। 2025 के अंत तक, केरल देश का पहला राज्य बनने जा रहा है जो अत्यधिक गरीबी को पूरी तरह से समाप्त कर देगा। वहीं, तेलंगाना की गरीबी दर 5.88% है। क्या वहां की सरकार ने अपने सबसे गरीब लोगों के उत्थान के लिए कोई कदम नहीं उठाया है? विजयन ने आगे कहा केरल की साक्षरता दर 95.3% है, जबकि तेलंगाना अभी भी 76.9% पर पिछड़ रहा है। केरल के मुख्यमंत्री ने तेलंगाना सरकार द्वारा केरल में राजनीतिक विज्ञापनों पर किए जा रहे खर्च पर भी सवाल उठाया और दोनों राज्यों के स्वास्थ्य ढांचे, विशेष रूप से शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) की तुलना की।

## भीषण सड़क हादसा: आमने सामने टकराए दो डंपर, जिंदा जल गए दोनों ड्राइवर

**फिरोजाबाद, 03 अप्रैल।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के थाना रजावली क्षेत्र में फिरोजाबाद-एटा मार्ग पर शुक्रवार दोपहर इसौली चौराहे के पास दो ट्रक (दोनों डंपर) में आमने-सामने की टक्कर के बाद आग लग गई जिससे दोनों चालकों की जलकर मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी और बताया कि दुर्घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। टुंडला के पुलिस क्षेत्राधिकार (सीओ) अरुण चौरसिया ने बताया कि यह दुर्घटना दोपहर लगभग तीन बजे टूंडला-एटा मार्ग पर इमलिया डेरी के पास हुई।

पुलिस ने बताया कि एक ट्रक टूंडला से एटा की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा ट्रक एटा से टूंडला की तरफ आ रहा था। इसी दौरान दोनों में हुई आमने-सामने की टक्कर इतनी



भीषण थी कि दोनों ट्रकों में तुरंत आग लग गई और वे जलने लगे। दोनों मृत चालकों की पहचान सुरेश (34) निवासी मऊआखेड़ा, मुरैना, मध्य प्रदेश और भरत लाल (38), निवासी धौलपुर, राजस्थान के रूप में हुई है।

एक ट्रक के खलासी धीरज निवासी धौलपुर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक अन्य घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना रजावली, सकरौली और पचोखरा की पुलिस मौके पर पहुंची।

दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने आग बुझाने का काम किया। इस हादसे के कारण एटा-टूंडला मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने वाहनों को इसौली चौराहे से मोड़कर स्थिति को संभाला। बाद में क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क से हटाया गया। पुलिस के अनुसार दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के तुरंत बाद ही दोनों ट्रक में आग लग गई। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## मालदा हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश के बाद एनआईए की एंट्री, ग्राउंड जीरो पर जांच शुरू

**नई दिल्ली, 03 अप्रैल।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम शुक्रवार को मालदा स्थित ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) के कार्यालय पहुंची। यह टीम हाल ही में हुई घटना के संबंध में जांच कर रही है, जिसमें 1 अप्रैल को हजारों लोगों ने कालियाचक-क्क बीडीओ के दोनों गेटों को अवरुद्ध कर दिया था और सात न्यायिक अधिकारियों सहित कर्मचारियों को घंटों तक ₹बंधक₹ बनाकर रखा था। उन्हें आधी रात के बाद छुड़ाया गया। इससे पहले दिन में, आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने गुरुवार देर रात प्रारंभिक जांच शुरू की, जब भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने औपचारिक रूप से अपने महानिदेशक को पत्र भेजकर मामले को इस ओर संदर्भित किया।



ईसीआई का एनआईए को यह निर्देश गुरुवार को जारी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद आया, जिसमें चुनाव आयोग को ₹किसी केंद्रीय एजेंसी, सीबीआई या एनआईए₹ द्वारा घटना की जांच करने का निर्देश दिया गया था। न्यायालय ने हमले को न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराने और उन्हें अपना कर्तव्य निभाने से रोकने का जानबूझकर और सोची-समझी कोशिश बताया था। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा था कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है और ईसीआई को राज्य में अधिकारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग करने का निर्देश दिया था। आज किसी भी समय एनआईए की एक टीम के मालदा पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि एजेंसी ने इस बारे में चुप्पी साध रखी है, सूत्रों ने संकेत दिया है कि एनआईए की एक टीम गुरुवार सुबह ही कोलकाता स्थित अपने कार्यालय से घटनास्थल के लिए रवाना हो चुकी है। टीम सबसे पहले संबंधित पुलिस स्टेशन का दौरा करेगी और पुलिस से घटना से संबंधित सभी उपलब्ध जानकारी जुटाएगी। पुलिस वर्तमान में इस मामले की पैरवी कर रही है और उसने अब तक इस घटना से जुड़े 20 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मोथाबारी इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के उम्मीदवार मौलाना शाहजहाँ अली और कथित मास्टरमाइंड एडवोकेट मोफक्करुल इस्लाम शामिल हैं। सभी आरोपियों को हिंसा, आगजनी और कालियाचक-क्क ब्लॉक कार्यालय में सात न्यायिक अधिकारियों, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल थीं, के आठ घंटे के घेराव के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 19 आरोपियों में से पुलिस ने शाहजहाँ अली सहित 18 को गुरुवार को गिरफ्तार किया था और अदालत ने उन्हें 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। मोफक्करुल इस्लाम पश्चिम बंगाल सीआईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया 19वां आरोपी है। उसे बागडोगरा हवाई अड्डे पर भागने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों के अनुसार, जांच एक विशेष टीम द्वारा की जाएगी, जिसका नेतृत्व एक उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रैंक का अधिकारी करेगा और यह जांच एक महानिरीक्षक रैंक के अधिकारी की देखरेख में होगी।

## असम से एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकालेगी एनडीए सरकार: योगी आदित्यनाथ

**बारपेटा, 03 अप्रैल।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 3 अप्रैल को असम के बारपेटा में विधानसभा चुनावों से पहले एक जनसभा को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और कांग्रेस के बीच तीखा अंतर दिखाया। रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि एनडीए सरकार ने सुरक्षा और सुशासन सुनिश्चित करते हुए भारत की संस्कृति, परंपराओं और विरासत को मजबूत करने के लिए काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार गांवों, गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग को बिना किसी भेदभाव के विकास के लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

दोहरे इंजन वाली सरकारह्व के प्रभाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए ने एक दशक के भीतर असम को बदलने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है और इसे राज्य के लिए पुनर्जागरण का दौर बताया। असम गण परिषद (अगप) उम्मीदवार दीपक कुमार दास के समर्थन में बारपेटा में एक रैली को संबोधित करते हुए, आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने लंबे शासनकाल के दौरान राज्य और उसके लोगों की रक्षा करने में विफल रही।

## असम की सत्ता की चाबी एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल के हाथ: ओवैसी

**असम।** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने दावा किया कि असम में आगामी विधानसभा चुनावों में मुस्लिम मतदाता एकजुट होकर अखिल भारतीय संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (एआईयूडीएफ) के पक्ष में मतदान करेंगे। ये चुनाव 9 अप्रैल को होने वाले हैं। बिन्नाकंडी निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए, ओवैसी ने एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल और उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया और क्षेत्रीय पार्टी को राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में एक निर्णायक शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया।ओवैसी ने कहा कि मुसलमान एकजुट होकर मतदान करेंगे और बदरुद्दीन अजमल के 29 उम्मीदवार जीतेंगे।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950

DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 9820519851
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37
* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकित्सा उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध





## वरिष्ठ पत्रकार रामप्रकाश निराला की माताश्री त्रिवेणी देवी का स्वर्गवास



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के प्रतिष्ठित पत्रकार और हिंदी पाक्षिक समाचार-पत्र बोईसर समाचार के प्रधान संपादक एवं बोईसर-पालघर पत्रकार संघ (रजि.) के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला की माताश्री त्रिवेणी देवी का स्वर्गवास बुधवार 1 अप्रैल 2026 को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद स्थित उनके पैतृक निवास पर हो गया। वह 98 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह गईं। वरिष्ठ पत्रकार निराला के माता जी के निधन की खबर ने पत्रकारिता जगत और समाजसेवियों को गहरे शोक में डुबो दिया है। उनके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया दूसरे दिन 2 अप्रैल 2026 को सम्पन्न हुई, जिसमें परिवार, नजदीकी रिश्तेदारों और शोक संतप्त लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बोईसर पालघर पत्रकार संघ ने इस दुखद घड़ी में वरिष्ठ पत्रकार रामप्रकाश निराला और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएँ व्यक्त की है। जिले भर के पत्रकारों ने उनके परिवार के साथ इस कठिन समय में एकजुटता व्यक्त करते हुए स्व. त्रिवेणी देवी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राहुल कुमार बिंद की दसवीं कक्षा की मार्कशीट गायब

**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के निवासी राहुल कुमार बिंद की दसवीं कक्षा की मार्कशीट गायब हो गई है। उनके पिता का नाम राज बली और माता का नाम बिमला देवी है। राहुल का जन्म 27 अगस्त 1995 को हुआ था। उनकी शिक्षा में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और संस्कृत जैसे विषय शामिल हैं। राहुल की दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र क्रमांक एच 158736 है और उनका अनुक्रमांक संख्या 3035710 है। वर्तमान में राहुल कुमार बिंद अपनी गायब हुई मार्कशीट के संबंध में अधिकारियों से सहायता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि उनकी पहचान और परीक्षा के अंक प्रमाणित किया जा सकें। यदि किसी को इस मार्कशीट के बारे में कोई जानकारी हो, तो कृपया राहुल कुमार बिंद से संपर्क करें या संबंधित शिक्षा कार्यालय को सूचित करें।

## लाइटस्टाइल बाय पीएनजी का मुंबई में विस्तार

**मुंबई।** कम वजन वाले आधुनिक और स्टाइलिश आभूषणों के लिए प्रसिद्ध 'लाइटस्टाइल बाय पीएनजी' ब्रांड मुंबई में अपना विस्तार और मजबूत कर रहा है। इसके तहत, ब्रांड ने 22 मार्च को घाटकोपर और 29 मार्च को मुलुंड में दो नए स्टोर्स शुरू किए हैं। घाटकोपर का स्टोर वल्लभ विहार, राजावाड़ी कॉलोनी और मुलुंड का स्टोर एलबीएस मार्ग पर शुरू किया गया है। इन दोनों स्थानों पर ग्राहकों को कम वजन वाले, ट्रेंडी और दैनिक उपयोग के लिए उपयुक्त आभूषणों की विविधता देखने को मिलेगी। इन नए स्टोर्स में सोने और हीरे के कम वजन वाले, सुंदर और नई पीढ़ी की पसंद के डिजाइन्स पेश किए गए हैं। आज के युवा और कामकाजी वर्ग की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह कलेक्शन दैनिक उपयोग के साथ-साथ खास अवसरों के लिए भी उपयुक्त है। मुंबई जैसे गतिशील शहर में इन दो नए स्टोर्स के माध्यम से ब्रांड ने अपने ग्राहकों तक और करीब पहुँचने का प्रयास किया है। उद्घाटन के अवसर पर ग्राहकों के लिए पुराने सोने के एक्सचेंज पर शून्य कटौती के साथ-साथ अतिरिक्त 3% लाभ भी दिया जा रहा है।

## मीरा 2 इन 1 शैंपू मास्क लॉन्च के साथ कैविनकेयर ने पारंपरिक हेयरकेयर में नई कैटेगरी बनाई

**मुंबई।** कैविनकेयर का पारंपरिक हेयरकेयर ब्रांड मीरा ने 'मीरा 2 इन 1 शैंपू मास्क' पेश किया है, जो शैंपू की सफाई क्षमता को हेयर मास्क के गहन कंडीशनिंग लाभों के साथ जोड़कर नई शैंपू-मास्क कैटेगरी बनाता है। पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक भारतीय हेयरकेयर प्रथाओं पर आधारित मीरा की इस लॉन्च से ब्रांड का आयुर्वेद में प्रवेश भी हो रहा है, जो साझा समय-परीक्षित सामग्री ज्ञान पर प्राकृतिक विस्तार है। हेयरकेयर रूटीन को सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया मीरा 2-इन-1 शैंपू मास्क सामान्य शैंपू की तरह इस्तेमाल होता है बालों को साफ करता है और एक ही स्टेप में मास्क जैसी गहन कंडीशनिंग देता है, जिसमें 120 घंटे तक इंटेंस कंडीशनिंग शामिल है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, मिस्टर राजत नंदा, बिजनेस हेड - पर्सनल केयर, कैविनकेयर ने कहा, ₹मीरा दशकों से साउथ इंडिया का सबसे भरोसेमंद पारंपरिक हेयरकेयर ब्रांड रहा है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले आ रहे सामग्री ज्ञान और हेयरकेयर प्रथाओं पर टिका है। हमारे इन-हाउस R&D टीम द्वारा विकसित और आयुर्वेद लाइसेंस के तहत निर्मित यह लॉन्च कैविनकेयर की डिसरप्टिव इनोवेशंस पर निरंतर फोकस को दर्शाता है, साथ ही परंपरा में जड़ें जमाए रखते हुए। फॉर्मूलेशन का केंद्र पारंपरिक हेयरकेयर में मूल्यवान हिबिस्कस, सूर्यमुखी ऑयल, भृंगराज, एलो वेरा, आंवला और मेथी का मिश्रण है। ये सामग्रियां मिलकर आयुर्वेद-प्रेरित फॉर्मूला बनाती हैं।

## अब होगा सिर्फ.क्रेडिबल सिनेमा का सेलिब्रेशन, आलिया भट्ट बनीं प्रतिष्ठित चेतक स्क्रीन अवॉर्ड्स 2026 की होस्ट

**मुंबई/पटना।** एक हाई-ऑक्टेन सिनेमैटिक प्रोमो ने इंडस्ट्री में जबरदस्त हलचल मचा दी है। नेशनल अवॉर्ड विनिंग पावरहाउस आलिया भट्ट अब तैयार हैं इंडिया के सबसे भरोसेमंद फिल्म ऑनर्स–प्रतिष्ठित चेतक स्क्रीन अवॉर्ड्स 2026 को होस्ट करने के लिए। यह ग्रैंड शो सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर टेलीकास्ट होगा। आलिया अपनी खास अदा और दमदार मौजूदगी के साथ इस रात को बना रही हैं क्रेडिबल सिनेमा का सेलिब्रेशन । अपनी सिग्नेचर स्टाइल में चौथी दीवार तोड़ते हुए आलिया दर्शकों से वादा करती हैं आग लगने वाली है! धरती फटने वाली है! बारिश होने वाली है, सब डूबने वाले हैं! शेर जागने वाला है! ऐसा कुछ नहीं होने वाला है। क्योंकि अब होगा सिर्फ.क्रेडिबल सिनेमा का सेलिब्रेशन! यकीन नहीं हो रहा है? 5 अप्रैल को देखिए, रात 8 बजे, चेतक स्क्रीन अवॉर्ड्स। इस साल आलिया भट्ट बतौर होस्ट उस पुल की तरह सामने आ रही हैं जो ग्लोबल स्टारडम और असली, ऑथेंटिक एक्टिंग क्राफ्ट को जोड़ता है। चेतक स्क्रीन अवॉर्ड्स भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का गोल्ड स्टैंडर्ड माना जाता है, जहाँ सिर्फ.मेरिट ही मायने रखता है और एक्सीलेंस ही असली पैमाना है। यह कोई आम अवॉर्ड शो नहीं, बल्कि देश का सबसे प्रतिष्ठित मंच है जो सिनेमा के असली विजनरीज की मेहनत, जुनून और कहानी कहने की कला को सलाम करता है। शोर-शराबे से दूर रहकर सिर्फ.क्रेडिबल सिनेमा पर फोकस करने की वजह से इस अवॉर्ड ने अपनी पहचान सबसे ऑथेंटिक और रिस्पेक्टेड प्लेटफॉर्म के तौर पर बनाई है। इस साल का मुकाबला अपने चरम पर है, जब इंडस्ट्री के दिग्गज टॉप ऑनर्स के लिए आमने-सामने हैं। बेस्ट एक्टर (मेल) कैटेगरी में दांव बेहद ऊँचे हैं रणवीर सिंह (धुरंधर), विक्की कौशल (छावा), दिग्गज मनोज बाजपेयी (जुगनुमाः द फेबल), सिद्धांत चतुर्वेदी (धड़क 2) और ईशान खट्टर (होमबाउंड)।

# बोईसर में विहिप बजरंग दल द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

### शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जिले के बोईसर शहर में गुरुवार 2 अप्रैल 2026 को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें राम भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

शोभायात्रा की शुरूआत पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत स्थित टीमा ग्राउंड से की गई और नगर भ्रमण करते हुए सर्कस ग्राउंड में समापन किया गया। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में करीब 12 हजार से ज्यादा लोगों की मौजूदगी रही। इस दौरान पूरा शहर भगवा रंग में रंगा नजर आया और भक्तों द्वारा जय श्रीराम व जय हनुमान के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुनों ने माहौल को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। शोभायात्रा का नगरवासियों ने जगह-जगह फूल वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। वहीं व्यापारियों व आम लोगों द्वारा जल पान की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने दावा किया कि 251 परिवारों के 600 से अधिक लोगों की घर वापसी कराई गई। विहिप के कोंकण विभाग के सहमंत्री चंदन सिंह ने कहा कि जो परिवार किसी कारणवश अपनी जड़ों से दूर हो गए थे, उन्हें पुनः सनातन धर्म से जोड़ना हमारा कर्तव्य है। यह केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्स्थापना का अभियान है। इस भव्य शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, श्री हनुमान और विभिन्न महापुरुषों की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिनके माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक संदेश दिया गया। पूरे मार्ग में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजन को लेकर पहले से व्यापक तैयारियां की गई थीं और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा और महिलाएं इसमें शामिल हुए। आयोजकों ने इसे सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक आयोजन बताया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष भरत राजपूत, विहिप के प्रांत मंत्री मोहन सालेकर, जिला मंत्री जयेश घरत, विहिप के पालघर जिलाध्यक्ष महावीर जैन, विहिप नेता मुकेश दुबे, रामरंजन सिंह, बजरंग दल के जिला संयोजक कुंदन सिंह, अरविंद सिंह, एसपी सिंह, रोबिन सिंह, मनोज मिश्रा, भाजपा महासचिव अशोक वड़े, नमो नमो मोर्चा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा जिला सचिव सत्यप्रकाश सिंह, बोईसर ग्राम पंचायत उपसरपंच नीलम संखे, आरबी सिंह जिला अध्यक्ष (भाजपा- उत्तर भारतीय मोर्चा) तथा हिंदू जनजागृति संस्था के अध्यक्ष रवि सिंह, महासचिव तुलसी छीपा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## उद्योगपति मनोज राय ने शांति स्कूल को दिया वायर कूलर



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण पूर्व के वालधुनि स्थित शांति हिंदी स्कूल में उद्योगपति मनोज राय द्वारा छात्रों को गर्मी से राहत देने के मकसद से एक आधुनिक वाटर कूलर प्रदान किया गया है। इस वाटर कूलर से बच्चों का स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। कूलर के उद्घाटन के पश्चात बच्चो ने खुशी जताते हुवे कूलर से अपने बॉटल में पानी भरते देखे गए। इस मौके पर मनोज राय ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों ही बहुत महत्वपूर्ण हैं, और स्वच्छ पानी उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

विद्यालय के सचिव विनोद पांडे और मुख्याध्यापक गगन जैसवार ने इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया है।

## अवैध बालू खनन व बालू तस्करी करने वालों पर महसूल विभाग ने शिकंजा कसते हुये ट्रक समेत 15 लाख का माल जब्त

**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी में अवैध रूप से बालू की ढुलाई करने वाले बालू माफियाओं के खिलाफ महसूल विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कोपर ग्राम के महसूल अधिकारी रमेश रामराव सूर्यवंशी ने अपनी टीम के साथ छापेमारी कर एक हायवा ट्रक सहित करीब 15 लाख 15 हजार रुपये का मुद्देमाल जब्त किया है। इस मामले में नारपोली पुलिस स्टेशन में चालक मनोज के खिलाफ भारतीय दंड संहिता तथा महाराष्ट्र भूमि राजस्व संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, काल्हेर, कशेळी और कोपर गांवों से अवैध उत्खनन और बालू तस्करी की



शिकायतें लगातार भिवंडी तहसीलदार अभिजीत खोले को मिल रही थीं। इसके बाद तहसीलदार ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशानुसार ग्राम महसूल अधिकारी रमेश सूर्यवंशी ने अपनी टीम मनोज नवले, रुपेश कारभारी और किसन हांबीर के साथ कोपर गांव स्थित दोस्ती ग्रेटर ठाणे परिसर में गश्त के दौरान कार्रवाई की। इस दौरान केवणी गांव की ओर से भिवंडी-ठाणे मुख्य मार्ग पर रेत से भरा ट्रक (टव्र 46 उव 9372) जाता हुआ दिखाई दिया। महसूल टीम ने चालक से बालू परिवहन के वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन चालक ने बहस करते हुए मौके से ट्रक की चाबी लेकर फरार हो गया। इस पर सरकारी काम में बाधा डालने का भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने ट्रक और उसमें भरी अवैध बालू को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। महसूल अधिकारी रमेश सूर्यवंशी ने बताया कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## नगरसेवक महेश गायकवाड़ द्वारा नागरिकों की सेवा में एंबुलेंस भेंट



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** माँ हर व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। अपनी माँ की स्मृतियों को संजोते हुए समाज के लिए कुछ करने की भावना रखने वाले प्रभाग क्रमांक 15 के नगरसेवक तथा शिवसेना संपर्क प्रमुख महेश दशरथ गायकवाड़ ने अपनी मातोश्री स्वर्गीय गुंजाई दशरथ गायकवाड़ की 26वीं पुण्यतिथि पर एक सामाजिक पहल करते हुए कल्याण पूर्व की जनता को एंबुलेंस भेंट कर अनोखे तरीके से कृतज्ञता व्यक्त की।

एंबुलेंस के लोकार्पण के अवसर पर उन्होंने कहा, ह्लबंजारा समाज तथा आसपास के क्षेत्र के मरीजों को समय पर उपचार मिल सके, यही इस पहल के पीछे की भावना है। आपातकालीन परिस्थितियों में यह एंबुलेंस कई लोगों की जान बचाने में मदद करेगी, यही माँ को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस कार्यक्रम में बंजारा समाज सेवा मंडल के अध्यक्ष अशोक चव्हाण, नगरसेवक कैलाश जोशी, नगरसेविका रेश्मा किरण निचल, पूर्व नगरसेवक देवानंद गायकवाड़, तथा निलेश रसाल, शंकर मुतगेकर सहित मातोश्री गुंजाई फाउंडेशन की महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन प्रशांत बोटे द्वारा किया गया।

माँ की स्मृति में समाजसेवा का यह आदर्श उपक्रम पूरे परिसर में सराहना का विषय बन रहा है।

इसी तरह मलंग गढ़ के ग्रामीण इलाके में बसे खरड़ गांव के आदिवासी क्षेत्र में भी अन्नदान और साड़ियों का वितरण किया गया।

## सुरों की विरासत को सलाम: नवीन कुमार की द जर्नी ऑफ बांसुरी का भव्य विमोचन सुभाष घई के हाथों



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सुर, ताल और भावनाओं से सराबोर एक यादगार शाम में प्रसिद्ध बांसुरी वादक नवीन कुमार ने अपनी बहुप्रतीक्षित डेब्यू पुस्तक द जर्नी ऑफ बांसुरी का लोकार्पण प्रतिष्ठित व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल में किया। इस पुस्तक का विमोचन मशहूर फिल्मकार Subhash Ghai के हाथों हुआ, जिसकी गरिमामयी उपस्थिति में सुप्रसिद्ध गायक Sukhwinder Singh और विश्वप्रसिद्ध पर्कशनिस्ट Sivamani भी शामिल रहे। यह आयोजन एक खूबसूरत राग की तरह गूंजता रहा, जिसमें शब्द, संगीत और यादों का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मौके को और खास बनाते हुए नवीन कुमार ने बांसुरी पर लाइव प्रस्तुति दी, जिसमें तू ही रे, फिल्म हीरो का अमर गीत और धुरंधर 2 का एक विशेष अंश प्रस्तुत किया। हर सुर मानो कविता की तरह बहता हुआ उनकी बांसुरी से जुड़ाव को दर्शा रहा था। शाम का मुख्य आकर्षण एक शानदार जुगलबंदी रही, जहां सिवमणि की जोशीली ताल और नवीन कुमार की मधुर बांसुरी ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके बाद सुखविंदर सिंह ने कृष्णा गीत की ऊजार्वान प्रस्तुति देकर माहौल को और भी जीवंत बना दिया। इस अवसर पर नवीन कुमार ने कहा, यह किताब सिर्फ लिखी नहीं गई है, बल्कि जी गई है। यह मेरे वर्षों के स्व-अध्ययन, प्रयोग और बांसुरी के साथ गहरे संबंध का परिणाम है। सुभाष घई ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, सच्ची कला जुनून और समर्पण से जन्म लेती है, और नवीन कुमार की यात्रा इसका सुंदर उदाहरण है। द जर्नी ऑफ बांसुरी केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि हर कलाकार के लिए प्रेरणा है। एक साधारण और सांस्कृतिक परिवार में जन्मे नवीन कुमार ने अपने दिवंगत माता-पिता को अपनी प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे उनकी कला और संस्कार विरासत में मिले। उन्होंने अपनी पत्नी किरण और बच्चों राहेल नवीन और जीन नवीन का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीमती उषा श्रीनिवासन शाहणे के योगदान को भी सराहा गया, जिन्होंने इस पुस्तक के प्रूफरीडिंग और संपादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नवीन कुमार ने उन्हें विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके बिना यह पुस्तक संभव नहीं थी। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रकाशक और लेखक आकाश भाबट का भी विशेष उल्लेख किया गया, जिन्होंने नवीन कुमार की इस पहली पुस्तक को अपनाया और प्रोत्साहित किया। एक भावुक क्षण में नवीन कुमार ने अपने मानस गुरु सुभाष घई को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, उनका सच्चे कलाकारों के प्रति प्रेम प्रेरणादायक है। बिना किसी पूर्व परिचय के उन्होंने हमेशा मेरा मार्गदर्शन और समर्थन किया। कार्यक्रम का समापन एक प्रेरणादायक माहौल के साथ हुआ, जहां संगीत, कहानी और भावनाओं का सुंदर संगम देखने को मिला–जो द जर्नी ऑफ बांसुरी के सार को पूरी तरह दर्शाता है।

## मोटरसाईकिल चोर को क्राइम ब्रांच सेल एक ने किया गिरफ्तार और चोरी के 5 मामलों का किया खुलासा

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** भायंदर में बिगत 07/02/2026 को रात 9:30 बजे से 11:00 बजे के बीच, शिकायतकर्ता कमलेश ललित शाह, निवासी भायंदर (पश्चिम), टी.डी. ठाणे, द्वारा बिशप स्कूल, वेज सागर होटल, भायंदर (पश्चिम) के पास खड़ी की गई 25,000 रुपये मूल्य की सफेद होंडा एक्टिवा मोटरसाइकिल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 2023 की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता की शिकायत पर, भायंदर पुलिस स्टेशन में अपराध पंजीकरण संख्या 46/2026 के तहत भारतीय दंड संहिता, 2023 की धारा 303(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। काशीमीरा स्थित अपराध जांच शाखा -1 को वरिष्ठ अधिकारियों से उक्त अपराध की जांच करने और आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश प्राप्त हुए थे। शिकायतकर्ता से प्राप्त सूचना और घटनास्थल तथा आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के बाद यह पाया गया कि उक्त अपराध आरोपी अयाज अली रहमत अली अंसारी, उम्र 41 वर्ष, पेशे से मजदूर, निवासी हयात मोहम्मद चाल, साईबाबा मंदिर के पास, एल.बी.एस. रोड, परशीवाड़ी, चिराग नगर, घाटकोपर (पश्चिम) मुंबई द्वारा किया गया था।

मूल गांव मर्चेंट नगर स्लम, गली संख्या 01, कुसम्बा रोड, मालेगांव, नासिक। उक्त आरोपी की तलाश करते हुए, उसे 01/04/2026 को दहिसर चेक पोस्ट, काशीमीरा के पास पाया गया और अपराध के संबंध में उससे पूछताछ करने पर पता चला कि उसने उक्त अपराध के साथ-साथ मुंबई में मोटरसाइकिल चोरी के 4 अन्य अपराध भी किए हैं।

आरोपी के ऊपर कुल 16 मामले दर्ज है, आगे की कार्रवाई के लिए भायंदर पुलिस स्टेशन भेज दिया गया है।

## फेडएक्स ने सीएसके के साथ लॉन्च किया नया कैंपेन

**मुंबई।** दुनिया की सबसे बड़ी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन (फेडएक्स) ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ मिलकर फेडएक्स. द मूव इंडिया नीड्स' (फेडएक्स. वो कदम जिसकी भारत को जरूरत है) नाम से तीन डिजिटल फिल्मों की एक सीरीज लॉन्च की है। इन फिल्मों में चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज खिलाड़ी महेन्द्र सिंह धोनी, रितुराज गायकवाड़ और उर्विल पटेल नजर आ रहे हैं। फेडएक्स और चेन्नई सुपर किंग्स की यह साझेदारी लगातार दूसरे साल जारी है, जो पिछले साल की सफलता को और आगे बढ़ाती है।

भारत में जहाँ क्रिकेट संस्कृति, व्यापार और समाज को जोड़ने का एक मजबूत माध्यम है, वहीं यह कैंपेन दिखाता है कि फेडएक्स किस तरह अलग-अलग व्यापारिक जरूरतों के लिए 'एंड-टू-एंड' (शुरू से अंत तक) लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करता है। क्रिकेट की दुनिया से तालमेल बिठाते हुए, इस कैंपेन में फेडएक्स को एक ऑल-राउंडर के रूप में पेश किया गया है–जो ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर और प्रीमियम ई-कॉमर्स जैसे अहम क्षेत्रों में तेजी, भरोसे और विशेषज्ञता के साथ काम करता है। चेन्नई सुपर किंग्स खिलाड़ियों के जरिए यह दिखाया गया है कि किस तरह भारतीय बिजनेस आसानी से अमेरिका, यूरोप और एशिया के प्रमुख व्यापारिक मार्गों से जुड़ सकते हैं और अपने काम को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।

फेडएक्स के मार्केटिंग, कस्टमर एक्सपीरियंस और एयर नेटवर्क के वाइस प्रेसिडेंट, नितिन नवनीत तातिवाला ने कहा, फेडएक्स को जटिलताओं को संभालने के लिए बनाया गया है, ताकि बिजनेस को इसकी चिंता न करनी पड़े। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ हमारी यह निरंतर साझेदारी इसी सोच को दर्शाती है, जहाँ हम शिपिंग की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए एक 'ऑल-राउंड' नजरिया अपनाते हैं। हमारे व्यापक समाधानों के जरिए हम सामान की तेज, स्मार्ट और ज्यादा भरोसेमंद आवाजाही सुनिश्चित कर रहे हैं, जिससे बिजनेस को हर बाजार में फुतीर्ला और प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद मिलती है। चेन्नई सुपर किंग्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री केएस विश्वनाथन ने कहा, हम फेडएक्स के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाकर बेहद खुश हैं। द मूव इंडिया नीड्स कैंपेन प्रगति और निरंतर आगे बढ़ने की उस भावना को दर्शाता है, जो हमारी टीम और फैंस दोनों के साथ गहराई से जुड़ती है। हम आने वाले सीजन में भी इस सफल साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं।



नीम करौली बाबा

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

**पत्राचार कार्यालय:**

उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)

मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37

मो.- 9554493941

email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।

**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

## थ्रेसर में फंसकर विवाहिता की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

**जितेन्द्र कन्नौजिया**

केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत क्षेत्र के तेजपुर गांव में बुधवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में विवाहिता की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, शाम लगभग सात बजे अपने खेत में गेहूं की मड़ाई के दौरान मुकबधीर बिन्दू देवी (48 वर्ष) पत्नी सुरेन्द्र राम थ्रेसर में फंस गईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही बिन्दू देवी ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मड़ाई के दौरान थ्रेसर ट्रैक्टर से चल रहा था, जिसे राजकुमार यादव चला रहा था। चर्चा का विषय है कि घटना के समय ट्रैक्टर चालक मौके पर मौजूद था। यदि चालक वहां सतर्क रहता, तो संभवतः हादसा टल सकता था। मृतका अपने पीछे दो पुत्र अभय (24 वर्ष), अवनीश (21 वर्ष) और एक नाबालिग पुत्री स्नेहा (14 वर्ष) को छोड़ गई हैं। वहीं पति सुरेन्द्र राम पैर से दिव्यांग हैं, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है।

## ससुराल में युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**रियाजुल हक**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नेवढ़िया थाना क्षेत्र के दूहावर गांव में ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भदोही जनपद के फूलपुर निवासी लगभग 30 वर्षीय जितेंद्र कुमार चौहान अपनी ससुराल दूहावर गांव आए हुए थे, जहां उनकी साली की शादी की तैयारियां चल रही थीं। बताया जा रहा है कि ससुराल पक्ष की मांग पर उन्होंने एक लाख रुपये की व्यवस्था भी की थी। बुधवार देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने की बात कहकर ससुराल पक्ष के लोग उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों को शव पर चोट के निशान मिलने के बाद मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ, जिसके चलते शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के पिता व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## करंट की चपेट में आने से 14 वर्षीय किशोर की मौत

गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना क्षेत्र के बारी गांव में शुक्रवार दोपहर एक हृदयविदारक हादसे में 14 वर्षीय किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, बारी गांव निवासी लाल बिहारी का पुत्र राज यादव (14) घर में आई बिजली की खराबी को ठीक करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। बताया जा रहा है कि हादसे के समय घर पर कोई परिजन मौजूद नहीं था। कुछ देर बाद जब परिजन घर पहुंचे तो राज को जमीन पर पड़ा देख उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची गौरा बादशाहपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# मानीकलां के डॉ.वकील नजीर इंटर कॉलेज में छात्रों ने लहराया परचम, शानदार परिणाम से बढ़ाया गौरव

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

मानीकलां, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकास खंड सोंधी शाहगंज क्षेत्र के कस्बा मानीकलां स्थित डॉ. वकील नजीर इंटर कॉलेज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने शानदार अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया।

विद्यालय के फाउंडर/मैनेजर डॉ. वकील अहमद नजीर, असिस्टेंट मैनेजर मोहम्मद राफे शमीम नजीर, जीनत अशरफ, इस्मत शमीम प्रिंसपल उमेश सिंह, अर्चना सिंह, खुशबू बानो, नियाज अहमद, हाफिज नेहाल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।















एल केजी
जरिया अतहर 98.83%
इब्राहिम फैज 96.05%
जरियाब शमीम 95.%
हफीजा कामरान 95%
यू केजी छात्र
फवाज सऊद 98.83%
जियान इनामुद्दीन 97.66%
हस्सान अब्दुस सलाम 97.66%
जीशान फरहान 96.33%
यू केजी छात्रा
इल्मा शाहनवाज 96.66%
सारा तबरेज 94.33%
हरीम अब्दुल हादी 94.16%
क्लॉस 1 छात्र /छात्रा
अरहम फैज 98.33%
उमर गुफरान 98.11%
अजका फिरोज 97.88%
क्लॉस 2 छात्र /छात्रा
जैनब अनवार 97.44%
इब्राहिम इकबाल 97.33%
अक्सा अहमदुल्लाह 97.11%
क्लॉस 3 छात्र/छात्रा
शमा अब्दुल मुनीम 97.33%
हादिया रिजवान 96.55%
आसिया आरिफ 96.55%
अबु अहमद दिलशेर 94.77%
क्लॉस 4 छात्र/छात्रा
सुमैया आबूशाद 93.88%
सानिया सैय्यद अली 84.22%
सिदरा इमरान 84.22%
आरजू सलाहुद्दीन 83.%
क्लॉस 5 छात्र/छात्रा
वामिक आबिद 98.33%
आकिब आबिद 95.5%
सुब्हान अब्दुस सलाम 84.7%
कक्षा पांच छात्रा
अरिहा शमीम 98.%
अलिस्बा फहीम 96.55%
अनबिया रियाजुद्दीन 89.55%
क्लॉस 6 छात्र/छात्रा
हमजा हबीबुल्लाह 98.%
जियान सलीमुद्दीन 93.42%
जैन बदरे आलम 88.42%
तस्मिया सेराज 85.71%
नदिया अंसार 85.35%
सबा साबिर अली 80.21%
सरिया शमीम 96.07%
मिस्बाह नदीम 95.64%
रुकैय्या इनामुद्दीन 93.5%
क्लॉस 7 छात्र/छात्रा
नायमा मकबूल 93.78%
अदीबा एखलाक 92.42%
जिकरा नदीम 90.07%
किन्जा अब्दुल्लाह 93.%
तैय्यबा रेहान 92.5%
अलीना रईस 92.5%
खदीजा लाल मोहम्मद 91.92%
रैयान फैजान 87.92%
अफजल फैय्याज 85.42%
अब्दुर रहमान अमीन 84.92%
क्लॉस 8 छात्र/छात्रा
सदफ नौशाद 95.5%
फात्मा अबुसाद 93.%
शिफा नदीम 92.71%
माहम फहीम 93.14%
ज़िकरा हसीब 87.92%
रुश्दा एजाज 84.71%
हंजला अजमल 87.64%
अब्दुल रहीम अंसार 78.78%
उमैर एहतशाम 73.42%
क्लॉस 9 छात्र/छात्रा
आयशा अनीसुररहमान 91.25%

जब इस सम्बन्ध में उत्तरशक्ति न्यूज के उप सम्पादक डॉ.इम्तियाज अहमद ने फाउंडर/मैनेजर डॉ.वकील नजीर अहमद से दूर संचार के माध्यम से पूछा तो डॉ.वकील अहमद का कहना था खुशहाल और कामयाब जिंदगी गुजारने के लिए उच्च शिक्षा हासिल करना बहुत जरूरी है। डॉ.साहब ने कहा कि जरूरी इल्म के बगैर इंसान की जिंदगी अंधेरी रहती है। जिसकी वजह से वह अच्छे और बुरे में फर्क नहीं कर पाता है। अगर शिक्षा की तरफ थोड़ी सी तवज्जों दी जाए तो शिक्षा हासिल करना कोई मुश्किल काम नहीं है। जो छात्र छात्रा पोजिशन नहीं ला सके। वो खूब मेहनत करे। कभी अपने आपको कमजोर नहीं समझे बस उन्हें थोड़ा और मेहनत करने की जरूरत है फिर वही छात्र छात्रा अगले वर्ष अच्छे परिणाम ला सकते है। आने वाले वर्ष में उन्हें भी कॉलेज की तरफ से सम्मानित किया जायेगा।

रुश्दा अलीमुद्दीन 88.25%
जावेरिया हिसामुद्दीन 87.08%
मोहम्मद यूसुफ शमीम 98.75%
आदित्य मनोज 79.41%
मो. शाकिर शाकिब 78.83%
क्लॉस 11 छात्र/छात्रा
मीरब महताब 95.%
जिनिया बदरे आलम 85.7%
अनबिया सेराज अहमद 85.7%
इल्मा नौशाद 84.7%
सबरीन अखलाख 77.%
शीबा अबु ओसमा 76.9%
सना अब्दुल कुद्दश 76.1%
कुनाल कृशन कुमार 77.21%
ताबिश जावेद 72.8%

उमर नसीम 72.7% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधक ने सभी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भाजपा जौनपुर ने घोषित की जिला कार्यकारिणी, संगठन को मिलेगी नई गति

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जौनपुर इकाई ने संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए नई जिला कार्यसमिति की घोषणा की है। यह गठन प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं स्वीकृति के उपरांत किया गया है।



प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित टीम में अनुभवी, कर्मठ एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो संगठन के विस्तार और जनसंपर्क अभियानों को गति देंगे।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी पदाधिकारी ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्न के मूल मंत्र के साथ कार्य करते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

**मुख्य पदाधिकारी इस प्रकार हैं:** जिला उपाध्यक्षः पंकज मिश्रा, राज पटेल, परविंद चौहान, अमित श्रीवास्तव, विनय सिंह, अजय सरोज, नीरज मौर्य, श्रीमती पुष्पा निषाद। जिला महामंत्रीः पीयूष गुप्ता, संदीप तिवारी, अजय सिंह।

जिला मंत्रीः संतोष मिश्रा, राजकेशर पाल, धर्मेंद्र मिश्रा, डॉ. देवी प्रसाद सिंह, श्रीमती अंशू, नीरज मौर्य, राजेश गुप्ता, सुधांशु सिंह, विकास शर्मा। जिला कोषाध्यक्षः श्रीमती रीता जायसवाल। जिला सह कोषाध्यक्षः नारायण दास चौरसिया।

जिला कार्यालय मंत्रीः दीपक सिंह (मान्टो)। जिला कार्यालय सह मंत्रीः घनश्याम यादव। जिला मीडिया प्रभारीः आमोद सिंह। जिला मीडिया सह प्रभारीः डॉ. अमरनाथ पाण्डेय, विशाल गौतम। जिला आईटी संयोजकः रोहन सिंह। जिला आईटी सह संयोजकः अमित पाठक, कुंवर दिग्विजय सिंह। जिला सोशल मीडिया संयोजकः सिद्धार्थ राय। जिला सोशल मीडिया सह संयोजकः अवनीश यादव, विजय यादव।

जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने बताया कि इस नई कार्यकारिणी के गठन से जिले में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और कार्यकर्ता अधिक उत्साह के साथ पार्टी कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## पेड़ से गिरकर बालक गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के उसरहटा गांव में गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बालक पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी कामता प्रसाद का पुत्र रवि घर के बाहर लगे नीम के पेड़ पर चढ़कर डाल तोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर पड़ा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल बालक का इलाज जारी है। घटना को लेकर क्षेत्र में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर क्षेत्र के एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अंबेडकरनगर जनपद के जाफरगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने आरोप लगाया है कि नगर के डीहवां भांदी निवासी सूरज मौर्या ने उसे शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि जब उसके परिजनों ने विवाह के लिए दबाव बनाया तो आरोपी मुकर गया। विरोध करने पर आरोपी द्वारा मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी और न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## उप संपादक डॉ.इम्तियाज अहमद ने दी जन्मदिन की बधाई

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तरशक्ति हिन्दी न्यूज ग्रुप के उप संपादक डॉ.इम्तियाज अहमद ने खेतासराय स्थित मॉर्डन कान्वेंट स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ.इंतेखाब अहमद को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय में प्रधानाचार्य का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिवार के प्रबंधक डॉ.आबिद खान एवं शिक्षकों व कर्मचारियों ने डॉ. इंतेखाब अहमद के कुशल नेतृत्व, सरल स्वभाव एवं शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान डॉ.इंतेखाब अहमद ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विद्यालय को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। अंत में सभी ने ईश्वर से उनके सुख-समृद्धि, सफलता और निरंतर उन्नति की प्रार्थना की।



## पूर्वांचल विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाएं 15 अप्रैल से प्रस्तावित

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर सत्र 2025-26 की परीक्षाओं को 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ करने का प्रस्ताव जारी किया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कार्यालय ज्ञाप जारी कर सभी विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों तथा संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को सूचित किया गया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के निर्देश पर आगामी परीक्षाओं को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए परीक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। यदि किसी छात्र के दो पेपर एक ही दिन निर्धारित हो गए हों या परीक्षा कार्यक्रम में किसी प्रकार की असुविधा अथवा आपत्ति हो, तो उसे 6 अप्रैल 2026 तक ई-मेल के माध्यम से examcontroller18219@gmail.com पर भेजना सुनिश्चित करें। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार बीए, बीएससी एवं बीकॉम द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 अप्रैल से 12 मई 2026 तक आयोजित होंगी, जबकि षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 अप्रैल से 20 मई 2026 तक चलेंगी। वहीं एमए, एमएससी एवं एमकॉम अष्टम और दशम सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रस्तावित की गई हैं।

## भारत-ईरान संबंध मजबूत करना राष्ट्रीय हित में: मोहम्मद अरशद खान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नई दिल्ली समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, भारत किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जौनपुर सदर मोहम्मद अरशद खान ने शुक्रवार को एक अंतरराष्ट्रीय बयान जारी करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में भारत-ईरान संबंधों को और मजबूत करना देश के राष्ट्रीय हित में है।



उन्होंने कहा कि ईरान भारत के लिए एक महत्वपूर्ण ऊर्जा साझेदार होने के साथ-साथ एशिया और यूरोप के बीच रणनीतिक कड़ी का कार्य करता है। दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ने से भारत को सस्ती दरों पर तेल और गैस की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो सकती है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मोहम्मद अरशद खान ने चाबहार पोर्ट के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह भारत के लिए अफगानिस्तान, मध्य एशिया और रूस तक व्यापारिक पहुंच का एक सुरक्षित और वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है। इससे न केवल व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पाकिस्तान पर निर्भरता भी कम होगी।

उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का अहम मार्ग बताते हुए कहा कि भारत-ईरान संबंध बेहतर होने से इस मार्ग पर भारतीय जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जा सकता है।

केंद्र सरकार से उन्होंने आग्रह किया कि वह अंतरराष्ट्रीय दबावों से ऊपर उठकर स्वतंत्र और संतुलित विदेश नीति अपनाए, जिसमें देश के दीर्घकालिक हित सर्वोपरि हों।

उन्होंने कहा कि भारत को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए ईरान के साथ आर्थिक, ऊर्जा और व्यापारिक साझेदारी को प्राथमिकता देनी चाहिए।

मोहम्मद अरशद खान ने यह भी कहा कि भारत-ईरान संबंधों की मजबूती एशिया में शांति, स्थिरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। अंत में उन्होंने कहा, मजबूत भारत के लिए मजबूत कूटनीति और संतुलित वैश्विक संबंध जरूरी हैं।

## मछलीशहर में भाजपा का महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, पारिजात मयंक सोनकर ने किया संबोधित

मछलीशहर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विधानसभा मछलीशहर क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय सुशीला पैलेस में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।



कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक एवं मंत्री (वर्तमान में भाजपा नेता) जगदीश सोनकर की बहू पारिजात मयंक सोनकर ने महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और उसे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं से इनका लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही महिलाओं को संगठित होकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

## एमसीसी स्कूल में स्वास्थ्य शिविर, बच्चों व अभिभावकों को किया गया जागरूक

**शिव पूजन पाण्डेय**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बदलापुर स्थित एमसीसी स्कूल परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उपयोगी सलाह दी।

शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र कुमार यादव (एम्स, नई दिल्ली) एवं दंत चिकित्सक डॉ. नरेंद्र यादव ने भाग लिया। उन्होंने बच्चों का परीक्षण करते हुए स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। डॉक्टरों द्वारा दी गई जानकारी से अभिभावकों में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधक शशि यादव, अनिल यादव, प्रिंसिपल आस्था जायसवाल (हेड ब्रांच बदलापुर), प्रिंसिपल सच्चिदानंद यादव (सरोखनपुर) सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

अंत में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## कंपोजिट विद्यालय आदमपुर में नवप्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह धूमधाम से संपन्न

बरसठी,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कंपोजिट विद्यालय आदमपुर के प्रांगण में नवप्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह हर्षोल्लास एवं भावपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक विकास अधिकारी प्रदीप कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेश लेने वाले छात्रों का स्वागत किया गया, वहीं पुरातन एवं मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुभाष सरोज ने ह्लस्कूल चलो अभियानह्व पर विशेष बल देते हुए अभिभावकों से शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी जयशंकर यादव एवं सोधईराम यादव ने भी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान शिवकुमार यादव, एसएमसी अध्यक्ष जवाहरलाल यादव, प्राथमिक शिक्षा संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार यादव सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने नवोदय विद्यालय में चयनित हर्ष सिंह एवं इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली अर्चना यादव को माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अभिभावक नीरज सिंह, ए आर पी शिवानंद यादव, शिवनारायण यादव, विद्यालय परिवार एवं ग्राम के सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राम सजीवन यादव ने कुशलतापूर्वक किया। अंत में वरिष्ठ अध्यापक विनोद कुमार यादव ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जिलाधिकारी द्वारा फसल की कटाई प्रयोग का किया गया निरीक्षण, उपज का हुआ आकलन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा जनपद में संचालित फसल कटाई (क्रॉप कटिंग) कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।



जिलाधिकारी द्वारा तहसील सदर के ग्राम महरूपुर के कृषक हरिश चन्द्र के रेंडम चयनित गाटा नम्बर 1798 में गेहूं फसल की सीसीई एग्री एप के माध्यम से फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण किया गया। फसल कटाई प्रयोग में रेंडम चयनित गाटा नम्बर में 10.10.10 मीटर के समबाहु त्रिभुज से 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में कटाई कराई गई, जिसमें 18 किग्रा 320 ग्राम वजन प्राप्त हुआ इस प्रकार 42.30 कुंटल प्रति हेक्टेयर गेहूं की उत्पादकता प्राप्त हुई।

क्रॉप कटिंग के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फसल कटाई के कार्य को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग के आंकड़े किसानों के हितों से सीधे जुड़े होते हैं, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता न बरती जाए।

इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह, उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव, तहसीलदार सौरभ कुमार, सांख्यिकी विभाग से सुरेन्द्र प्रताप सिंह, लेखपाल शिखा शुक्ला, बीमा प्रतिनिधि राकेश गुप्ता सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

# पर्यावरणीय कारणों से बिल्डरों पर लगाए गए स्टॉप वर्क नोटिस हटाने की मांग



-रमेश प्रजापति

**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। पर्यावरणीय कारणों के चलते मुंबई शहर में चल रही सभी निर्माण परियोजनाओं पर लगाए गए स्टॉप वर्क नोटिस को हटाने की मांग उठाई गई है। इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को दिए गए निवेदन में कहा गया है कि पर्यावरण संरक्षण का महत्व सभी बिल्डर पूरी तरह समझते हैं और उसका पालन भी कर रहे हैं। कई निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव, ग्रीन नेट का उपयोग, मलबा प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक पर्यावरणीय नियमों का सख्ती से पालन किया जा रहा है। निवेदन में यह भी बताया गया है कि बिल्डरों द्वारा प्रशासन के सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। इसलिए मांग की गई है कि जिन निर्माण स्थलों पर सभी पर्यावरणीय मानकों का सही तरीके से पालन हो रहा है, वहां लगाए गए स्टॉप वर्क नोटिस को हटाया जाए, ताकि निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो सके और इससे जुड़े हजारों कामगारों के रोजगार पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। प्रशासन से इस विषय में सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई गई है।

# संघर्ष और मेहनत का शानदार उदाहरण हैं राहुल : सुनील यादव



करंजाकला विकासखण्ड के पचेवरा गांव में सफाईकर्मी त्रिलोकी के निवास स्थान पर सम्मान समारोह का आयोजन

**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )**। करंजाकला विकासखण्ड के पचेवरा गांव में शुक्रवार को सफाईकर्मी त्रिलोकी के निवास स्थान पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ। यह समारोह उनके बेटे राहुल गौतम के पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विकासखण्ड के गांव निवासी राहुल गौतम ने यूपीपीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यहां क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव मम्मन ने राहुल गौतम को सम्मानित करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बीच इतनी बड़ी सफलता हासिल करना आसान नहीं होता। राहुल ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और संघर्ष के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि समाज के अन्य युवाओं के लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल राहुल की नहीं, बल्कि उन सभी परिवारों की जीत है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने बच्चों के सपनों को जीवित रखते हैं। कहा कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के हजारों युवाओं को प्रेरित करेगी।

कार्यक्रम में पंकज मिश्रा, लालमन, ग्राम प्रधान हिमांचल, बीडीसी राकेश, रवि यादव, प्रदीप कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आग से ढाई बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )**। चन्दवक के डोभी क्षेत्र के खुज्झी गांव में शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई। जिससे गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। इस घटना में करीब ढाई बीघे गेहूं की फसल के नुकसान की बात सामने आई है। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

गांव निवासी जंग बहादुर यादव यपुत्र राजाराम यादवद्ध ने बताया कि उनकी लगभग दो बीघे गेहूं की फसल जल गई। वहीं प्रमिला सिंह यपत्नी स्वण काशीनाथ सिंहद्ध के अनुसारए उन्हें करीब 5 बिस्सा फसल का नुकसान हुआ है। गांव के ही नरेंद्र यादव ने ट्रैक्टर की मदद से आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान आग बुझाने के प्रयास में वे हल्का झुलस भी गए।जानकारी मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी और राजस्व विभाग के लेखपाल उमेश सोनकर मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन करने में जुट गए हैं।

# बसुही नदी पर बने नव सेतु का डीएम ने किया निरीक्षण, आवागमन होगा सुगम



**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )**। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने तहसील मड़ियाहूं क्षेत्र के अंतर्गत बसुही नदी पर नगेसरा घाट के पास निर्मित नव सेतु का आकस्मिक निरीक्षण किया। यह पुल नगेसरा और पुरेल्ला गांव के मध्य बनाया गया है, जिसमें मुख्य सेतु के साथ पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य भी शामिल हैं।

बताया गया कि सेतु की कुल लंबाई 71.480 मीटर है तथा इसकी कुल लागत लगभग 1130 लाख रुपये है। इस परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा कराया गया है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार जनपद में चल रही सभी निमार्णाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराया जा रहा है। इस पुल के निर्माण कार्य की भी लगातार निगरानी की गई, जिसके परिणामस्वरूप अब यह पूर्ण होकर तैयार हो चुका है।

उन्होंने कहा कि पुल के बन जाने से विशेष रूप से बरसात के मौसम में आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर का कैलाशपति पर भव्य स्वागत, विपक्ष पर साधा निशाना



**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )**। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह के आवास कैलाशपति पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वे केवल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और बहन-बेटियां सुरक्षित हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बड़े पैमाने पर निवेश लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में सिंगापुर और जापान की यात्रा भी इसी दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश देश में विकास का एक मॉडल बनकर उभरेगा। वहीं भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने मंत्री के आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी, जिससे संगठनात्मक समन्वय और मजबूत होगा। इस मौके पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# पीडब्ल्यू ने बिहार बोर्ड के दसवीं और बारहवीं के टॉपर छात्रों को किया सम्मानित

**पटना (उत्तरशक्ति)**। फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने बिहार बोर्ड की कक्षा 10 और 12 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अपने बिहार बोर्ड वाला से जुड़े मेधावी छात्रों को पटना में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सराहा गया। कक्षा 12 में, साक्षी कुमारी और सपना कुमारी ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि पलक कुमारी ने 95 प्रतिशत के साथ राज्य में पाँचवाँ स्थान प्राप्त कर टॉप स्कोरर्स में जगह बनाई। वहीं कक्षा 10 में, प्रेरणा कुमारी ने 97.2 प्रतिशत के साथ राज्य में पाँचवाँ स्थान और रौशन कुमार ने 97 प्रतिशत के साथ छठा स्थान हासिल किया, जिससे वे भी टॉप प्रदर्शन करने वाले छात्रों में शामिल हुए। कक्षा 12 के 70 से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि कक्षा 10 के करीब 100 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। यह पीडब्ल्यू के बिहार बोर्ड वाला से जुड़े छात्रों के लगातार अच्छे प्रदर्शन को दर्शाता है। यह छात्रों को कॉन्सेप्ट पर आधारित पढ़ाई, प्रैक्टिस मटेरियल और रिवीजन सपोर्ट के माध्यम से व्यवस्थित शैक्षणिक सहायता प्रदान करने पर केंद्रित रहा है।

इस अवसर पर बोलते हुए फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के संस्थापक और सीईओ अलख पांडेय ने कहा कि ये परिणाम छात्रों की मेहनत को दर्शाते हैं। बोर्ड परीक्षा की तैयारी एक लंबी प्रक्रिया होती है, और हमने इसे आसान बनाने के लिए व्यवस्थित कंटेंट और नियमित अभ्यास पर ध्यान दिया है। इससे छात्रों को पढ़ाई में स्पष्टता मिलती है, और इसे अच्छे परिणामों में बदलते देखना उत्साहजनक है। अपना अनुभव साझा करते हुए, कक्षा 10 की प्रेरणा कुमारी ने कहा कि मैंने नियमित रिवीजन और पेपर सॉल्व करने पर ध्यान दिया, और पीडब्ल्यू के सपोर्ट ने मुझे परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने में मदद की। वहीं कक्षा 12 की साक्षी कुमारी ने कहा कि समय पर सिलेबस पूरा करना और बार-बार रिवीजन करना मेरी तैयारी में लगातार मददगार रहा। इस सम्मान समारोह में छात्र, अभिभावक और शिक्षक शामिल हुए। इसका उद्देश्य छात्रों की मेहनत और उनकी पूरी शैक्षणिक यात्रा को सराहना था। हर साल बड़ी संख्या में छात्र बिहार बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल होते हैं, ऐसे में इस तरह के परिणाम यह दिखाते हैं कि राज्य भर में छात्रों के लिए व्यवस्थित तैयारी और सही शैक्षणिक मार्गदर्शन कितना महत्वपूर्ण होता जा रहा है।

# नायब तहसीलदार बनने पर हिमालय सिंह का हुआ सम्मान



**जौनपुर (उत्तरशक्ति)**। बदलापुर तहसील क्षेत्र के बेसहूपुर, घनश्यामपुर निवासी हिमालय सिंह के नायब तहसीलदार पद पर चयनित होने पर शिक्षकों द्वारा उनका सम्मान किया गया। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बताया जाता है कि हिमालय सिंह, अजय सिंह के पुत्र हैं। उनके पिता प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता गृहणी हैं। हिमालय सिंह ने प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद श्री बजरंग इंटर कॉलेज, घनश्यामपुर से इंटरमीडिएट तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। कड़ी मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने प्रथम प्रयास में ही पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार पद प्राप्त किया। उनका लक्ष्य आगे चलकर आईएएस बनना है। सेवानिवृत्त शिक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे के नेतृत्व में शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान मयाशंकर तिवारी, हृदय प्रकाश तिवारी, पुष्यमित्र दुबे, प्राथमिक शिक्षक संघ के बदलापुर अध्यक्ष उमेश मिश्रा, जिला मंत्री प्रमोद कुमार यादव, शशिधर तिवारी तथा डॉ. जेपी शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर हिमालय सिंह के पिता अजय सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पुरानी पेंशन और मांगों को लेकर आर-पार की जंग, जौनपुर के शिक्षक दिल्ली रवाना



**जौनपुर (उत्तरशक्ति)**। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपद में शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अब आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। ळएळ (शिक्षक पात्रता परीक्षा) से जुड़ी विसंगतियों, पुरानी पेंशन बहाली समेत विभिन्न मुद्दों पर आक्रोशित शिक्षकों का एक बड़ा जत्था शुक्रवार को दिल्ली के लिए रवाना हुआ। जनपद के विभिन्न विकास खंडों से बड़ी संख्या में शिक्षक एकत्र होकर केंद्र सरकार तक अपनी आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से संगठित हुए। शिक्षकों का कहना है कि वे लंबे समय से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को उठा रहे हैं, लेकिन समाधान न मिलने के कारण अब उन्हें दिल्ली कूच करना पड़ा है। शिक्षकों ने बताया कि वे दिल्ली के रामलीला मैदान में पहुंचकर विशाल प्रदर्शन करेंगे और अपनी एकजुटता का परिचय देंगे। इसके लिए शिक्षकों ने निजी टूरिस्ट बस की व्यवस्था कर सामूहिक रूप से यात्रा शुरू की। रवाना होते समय शिक्षकों में जोश, उत्साह और अपने अधिकारों को लेकर दृढ़ संकल्प साफ देखने को मिला।

**प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं:**

TET विसंगतियों का निराकरण एवं परीक्षा प्रक्रिया में सुधार पुरानी पेंशन योजना (OPS) की बहाली विभागीय उत्पीड़न और कठोर नियमों पर रोक इस आंदोलन में ब्लॉक अध्यक्ष उमानाथ यादव, रामपाल, अशोक यादव, मोहम्मद अली, नन्हे अली, समर बहादुर यादव, जंग बहादुर यादव, फिरोज, लाल साहब सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल रहे।

# गृह प्रवेश समारोह में ज्ञानेंद्र सिंह यादव का हुआ सम्मान, समाज सेवा के लिए सराहे गए



**वापी(उत्तरशक्ति)**। महाराष्ट्र में आयोजित एक भव्य गृह प्रवेश समारोह में किलर कंपनी के जीएम ज्ञानेंद्र सिंह यादव का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उत्तर यादव युवा संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता कैलाश चंद्रधारी यादव, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष हरीराम यादव, तथा सीबी ग्लोबल ट्रेडिंग कंपनी के प्रबंधक संदीप कैलाश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान अतिथियों ने ज्ञानेंद्र सिंह यादव को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुजरात प्रदेश अध्यक्ष हरीराम यादव ने कहा कि ज्ञानेंद्र सिंह यादव समाज के प्रति निष्ठावान और समर्पित व्यक्ति हैं, जो हर परिस्थिति में तन, मन और धन से समाज की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।

राष्ट्रीय प्रवक्ता कैलाश चंद्रधारी यादव ने अपने संबोधन में बताया कि महाराष्ट्र की धरती पर आयोजित उत्तर यादव युवा संघ के महोत्सव में ज्ञानेंद्र सिंह यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने न केवल महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि पूरे यादव समाज और संगठन की कार्यकारिणी का मनोबल भी बढ़ाया। उन्होंने आगे कहा कि गृह प्रवेश समारोह में आमंत्रित कर सम्मान देने के लिए वे संगठन की ओर से ज्ञानेंद्र सिंह यादव और उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। समारोह का समापन ह्लजय श्री कृष्णह्व के उद्घोष के साथ हुआ।

# वसई तालुका में एडिशनल तहसीलदार ऑफिस को मंजूरी



**वसई रोड**। वसई तालुका में तेजी से हो रहे शहरीकरण को ध्यान में रखते हुए, भाजपा विधायक राजन नाईक की लंबे समय से चली आ रही मांग को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। राज्य सरकार ने गुरुवार को एक सरकारी निर्णय जारी करते हुए वसई तालुका में एक स्वतंत्र (इंडिपेंडेंट) एडिशनल तहसीलदार ऑफिस स्थापित करने की स्वीकृति दे दी है। गौरतलब है कि वसई का मौजूदा तहसीलदार कार्यालय नालासोपारा और विरार जैसे प्रमुख क्षेत्रों से काफी दूर स्थित है, जिससे नागरिकों को प्रशासनिक कार्यों के लिए असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए विधायक राजन नाईक ने 28 जनवरी 2025 और 1 अगस्त 2025 को राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले से नालासोपारा या विरार में अलग से एडिशनल तहसीलदार कार्यालय शुरू करने की मांग की थी। इसके बाद 11 अगस्त 2025 को सह्याद्री गेस्ट हाउस, मुंबई में आयोजित एक समीक्षा बैठक में भी राजस्व मंत्री ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अब राज्य सरकार के राजस्व विभाग द्वारा जारी नए संरचनात्मक निर्णय के तहत वसई तालुका में एडिशनल तहसीलदार ऑफिस को आधिकारिक मंजूरी मिल गई है। इससे जल्द ही नालासोपारा या विरार में से किसी एक स्थान पर यह नया कार्यालय शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। विधायक राजन नाईक ने इस फैसले के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का आभार व्यक्त किया है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम, भव्य शोभा यात्रा व सुरमयी भजनों से गुंजायमान हुआ पटना



**पटना(उत्तरशक्ति)**। हिन्दू सेवा ट्रस्ट, बिहार द्वारा पंचम हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन इस वर्ष अत्यंत भव्य और आकर्षक रूप में किया गया, जिसने पूरे शहर को भक्ति और उत्साह के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरूआत भव्य शोभा यात्रा के साथ हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लिए, जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों के साथ शामिल हुए। शोभा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कंकड़बाग टेंपो स्टैंड चौराहा पहुँची हुए जहां श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्तों की ऊर्जा ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव, निशा उपाध्याय, मनीषा श्रीवास्तव, गायक विनोद ग्वार, दीपक तिवारी, शिवेश मिश्रा सहित बिहार के प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहने को विवश कर दिया। पूरा परिसर जय हनुमान और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजता रहा। इस अवसर पर अभिनेत्री रक्षा गुप्ता ने भी भक्तों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता, पूर्व विधायक अरुण सिन्हा, विधान पार्षद संजय मयूख, पटना की महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के पूर्व भक्तों द्वारा 150 यूनिट रक्तदान भी किया गया। इस हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान जी को 1501 किलो लड्डू और 56 भी अर्पित किया गया। इसके साथ ही 2500 भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। इसके अतिरिक्त सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण का भी भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य अर्जित किया। कार्यक्रम में प्रख्यात चिकित्सक डॉ. अलोक अभिजीत, शिक्षाविद गुरु रहमान, समाजसेवी गोपाल कृष्ण, पत्रकार विनोद बंधू को सम्मानित भी किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस आयोजन को और अधिक भव्य स्वरूप दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के दीपक बिहारी, कामाख्या नारायण तिवारी, कामेश्वर प्रसाद, अनिल शर्मा, बासु दत्त सिन्हा, रोहित शर्मा, राजेश सिंह, संजय सिंह, प्रेम कुमार, अभिषेक सर्राफ, मनीष बनेठिया, मयूर पोद्दार, मधुप मणि पिक्कू, अनूप तिवारी की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की शोभा और भी बढ़ गई।

# विद्युत उपकेंद्र में शराब पीने वाले जेई और टेक्नीशियन निलंबित

**मऊ (उत्तरशक्ति)**। मऊ जिले के खैराबाद विद्युत उपकेंद्र में शराब पीने का वीडियो संज्ञान में आने के बाद जेई और टेक्नीशियन पर गाज गिरी। बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ने दोनों को निलंबित कर दिया। मऊ जिले के खैराबाद विद्युत उपकेंद्र के स्टोर रूप में बैठकर शराब पीने के मामले में बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ने जेई और अधिशासी अभियंता ने टेक्नीशियन को निलंबित कर दिया। दोनों मुहम्मदाबाद गोहना तहसील के खैराबाद विद्युत उपकेंद्र पर तैनात थे।

अधीक्षण अभियंता मागेंद्र कुमार और अधिशासी अभियंता महेश चंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि दो अप्रैल को उनके पास एक वीडियो किसी ने भेजा। उस वीडियो में खैराबाद विद्युत उपकेंद्र के जेई सत्येंद्र कुमार और टक्नीशियन अरविंद कुमार स्टोर रूम में बैठकर शराब पीते नजर आ रहे हैं। इससे विभाग की छवि धुमिल हुई है।






